आकाशवाणी श्री विजयपुरम
दिनांक : 03.12.2025
समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री कार्यालय अब सेवा तीर्थ के नाम से जाना जाएगा। राजभवन और राज निवास के नाम भी बदले गए।
- अंडमान निकोबार पुलिस के पहाड़गांव थाना ने देश के हजारों थानों में सर्वोच्च कार्य क्षमता के प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
- दक्षिण अंडमान में पशुओं से संबंधित रोगों से मुक्ति के लिए सामूहिक टीकाकरण अभियान आठ दिसम्बर से आरंभ होगा।
- खेल और युवा मामले निदेशालय की ओर से खेलो इंडिया केंद्र में एथलेटिक्स के चयन के लिए कार्यक्रम सात दिसम्बर को आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम बदलकर सेवा तीर्थ कर दिया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बताया कि राजभवन और राज निवास के नाम भी बदलकर क्रमशः लोक भवन और लोक निवास किया जा रहा है। उन्होंने इसे राष्ट्र के विकसित और श्रेष्ठ भारत के निर्माण की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया, जिसमें सेवा और सुशासन को प्रमुख प्राथमिकता दी गई है। गृह मंत्री ने यह भी कहा कि पिछले ग्यारह वर्षों में नरेंद्र मोदी सरकार शक्ति की बजाय सेवा के पर्याय रही है, जहाँ प्रधानमंत्री खुद को प्रधान सेवक मानते हैं और जनता के लिए चौबीस घंटे काम करते हैं। तेलंगाना राज्यपाल का आधिकारिक निवास अब राजभवन के बजाय लोक भवन कहलाएगा। इस नाम परिवर्तन की जानकारी एक आधिकारिक संवाद के माध्यम से दी गई है। राज्यपाल के प्रेस सचिव ने बताया कि यह परिवर्तन तुरंत प्रभावी हो गया है और इसे सभी संदर्भों, रिकॉर्ड और सरकारी कार्यों में लागू किया जाएगा।

<><><><><><><>

भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने हाल ही में रायपुर में आयोजित पुलिस महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक सम्मेलन के दौरान अपनी वार्षिक "श्रेष्ठ पुलिस स्टेशन" मूल्यांकन योजना के तहत राष्ट्रीय रैंकिंग घोषित की है। इस प्रतिष्ठित आंकलन में दक्षिण अण्डमान जिले के पहाड़गांव थाना ने सर्व–भारत

स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। यह सम्मान मंत्रालय द्वारा निर्धारित मानकीकृत राष्ट्रीय मानकों पर आधारित कठोर, वस्तुनिष्ठ और बहु–स्तरीय मूल्यांकन प्रक्रिया का परिणाम है। पहाड़गांव थाने को अधिकारियों और कर्मचारियों की सतत मेहनत, व्यावसायिक निष्ठा, अनुशासित कार्यशैली और समुदाय–उन्मुख पुलिसिंग के लिए द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। थाने ने नशीले पदार्थों की तस्करी और चोरी के मामलों पर कड़ी कार्रवाई की है। थाने में महिलाओं और बच्चों की शिकायतों के लिए एक विशेष कक्ष बनाया गया है। थाने में समर्पित किशोर कल्याण अधिकारी, महिला हेल्प डेस्क तथा 'स्कूल ऑफिसर' के रूप में उप–निरीक्षक नियुक्त किए गए हैं, जो स्कूलों के आसपास अवैध गतिविधियों की निगरानी करते हैं। साथ ही, एक विशेष तटीय सुरक्षा अधिकारी द्वारा मत्स्य समुदाय से नियमित संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक हरगोबिंदर सिंह धालीवाल ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त करना अण्डमान निकोबार पुलिस के लिए गर्व का क्षण है। यह उपलब्धि हमारे इस विश्वास को मजबूत करती है कि प्रभावी पुलिसिंग समुदाय के विश्वास, सशक्त नेतृत्व और हमारे जमीनी स्तर पर कार्यरत अधिकारियों की निरंतर मेहनत पर आधारित होती है। आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में पहाड़गांव थाना प्रभारी मोहम्मद इलियास ने कहा–

<><><><><><><>

पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने घोषणा की है कि पशु मुंह और खुर से संबंधित रोग से मुक्ति के लिए सामूहिक टीकाकरण अभियान का आयोजन किया जाएगा। अभियान आठ दिसम्बर से दक्षिण अंडमान में शुरू होगा। इसके लिए विभाग ने दस विशेष दल गठित किए हैं जिनमें टीकाकर्मी पशु स्वास्थ्य कर्मी तथा वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी शामिल हैं। यह रोग संक्रामक है। पिछले छह वर्ष से इस क्षेत्र में इससे संबंधित कोई मामला प्रकाश में नहीं आया है और विभाग इसे मुक्त रखने हेतु पशुपालकों से अपने पशुओं को टैग करवा कर टीकाकरण कराने की अपील कर रहा है।

<><><><><><><>

खेल और युवा मामले निदेशालय की ओर से खेलो इंडिया केंद्र में एथलेटिक्स अनुशासन हेतु चयन और प्रतिभा पहचान की प्रक्रिया सात दिसम्बर को आयोजित किया जाएगा। दस से सत्रह वर्ष के इच्छुक पात्र खिलाड़ियों के लिए केंद्र के माध्यम से खेल विज्ञान सहायता प्रशिक्षण निगरानी और उपकरण सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। चयन प्रक्रिया में सामान्य शारीरिक परीक्षण और विशेष परीक्षण शामिल रहेंगे। सभी इच्छुक खिलाड़ियों से निर्धारित तिथि को नेताजी स्टेडियम मैदान पर जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा दो

पासपोर्ट आकार फोटो के साथ उपस्थित रहने को कहा गया है। विस्तृत जानकारी के लिए कोच आनंद कुमार से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

खेल एवं युवा कार्य विभाग द्वारा पुरुष एवं महिला वर्ग के लिए 6 और 7 दिसंबर को शाम 5 बजे से निःशुल्क ओपन बास्केटबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन किया जाएगा। सरकारी व निजी स्कूलों, कॉलेजों तथा अन्य संस्थानों व युवा क्लबों के इच्छुक प्रतिभागी 6 दिसंबर को दोपहर 3 बजे तक अपनी प्रविष्टि खेल एवं युवा कार्य विभाग के बास्केटबॉल कोच जी. नागेश राव के पास जमा कर सकते हैं। प्रवेश फॉर्म खेल एवं युवा कार्य विभाग के प्रशासनिक ब्लॉक कमरा नंबर 3 से प्राप्त किए जा सकते हैं। मैचों का फिक्स्चर शाम 4 बजे बास्केटबॉल कोर्ट, नेताजी स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में निकाला जाएगा और उद्‌घाटन मैच 6 दिसंबर को शाम 5 बजे खेला जाएगा।

<><><><><><><>

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के तहत अण्डमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति की ओर से राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस के अवसर पर मध्योत्तर अण्डमान, दक्षिण अण्डमान और निकोबार जिलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। भोपाल गैस त्रासदी के पीड़ितों की स्मृति में मनाए जाने वाले इस दिवस पर विद्यालयों में चित्रकला प्रतियोगिताएँ, पर्यावरण संबंधी फिल्मों का प्रदर्शन, पावर प्वाइंट प्रस्तुतियाँ और सूती थैलों का वितरण कर पर्यावरण सुरक्षा एवं प्लास्टिक उपयोग में कमी का संदेश दिया गया। दक्षिण अण्डमान के कई विद्यालयों में वैज्ञानिकों द्वारा प्रस्तुतियाँ दी गईं और विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तर सत्र का भी आयोजन किया गया। डॉलीगंज स्थित DST अवेयरनेस हब में "स्वच्छ वायु, हरित पृथ्वीः सतत जीवन की ओर एक कदम'' विषय पर जूनियर और सीनियर श्रेणी की चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। कैम्पबेल बे में भी वरिष्ठ स्तर की प्रतियोगिता आयोजित हुई। दक्षिण अण्डमान के प्रमुख पेट्रोल पंपों पर दो सौ वाहनों पर Walk More- Drive Safe'' संदेश वाले स्टिकर लगाए गए। समापन अवसर पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी निदेशक ने प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद पुरस्कार प्रदान किए।

<><><><><><><>